टोक्यो में रोड शो में दिखाई यूपी की बदलती तस्वीर, सीएम बोले-राज्य में स्केल, स्किल, स्टेबिलिटी और स्पीड चारों उपलब्ध हैं

योगी ने जापानी उद्यमियों को दिया निवेश का न्योता

जापान दौरा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान की राजधानी टोक्यो में यूपी निवेश रोड शो में उद्यमियों को आमंत्रित करने के साथ ही उत्तर प्रदेश की बदली तस्वीर से भी अवगत कराया। उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए बेहतर राज्य बनकर उभरा है। यूपी में स्केल, स्किल, स्टेबिलिटी और स्पीड चारों उपलब्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने जापान के उद्योगपतियों को यूपी में निवेश करने के साथ ही प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जापान लैंड आफ द सनराइज है। इस पावन धरा को नमन करता हूं। उत्तर प्रदेश सूर्यवंश के राजा भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली है। यही नहीं, भगवान बुद्ध की पावन कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश ही है। जब भगवान राम और भगवान बुद्ध की बात होती है, तो यह सूर्यवंश की उस महान परंपरा से जुड़ती है, जिसकी प्रथम किरण का उदय जापान की धरती पर होता है।

टोक्यो में यामानाशी प्रांत के वाइस गवर्नर जुनिचि इशिदरा ने सीएम योगी आदित्यनाथ की अगवानी की। प्रवासी भारतीयों ने भी किया जोरदार स्वागत

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। जितनी बड़ी आबादी है, उतनी ही बड़ी चुनौतियां हैं और उतनी ही विशाल संभावनाएं भी हैं। पिछले नौ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय लगभग तीन गुना बढ़ी है। भारत की केवल 11 प्रतिशत कृषि भूमि होने के बावजूद उत्तर प्रदेश देश का करीब 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है। इससे फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और एग्री लाजिस्टिक्स के क्षेत्र में बड़े निवेश के अवसर हैं। उन्होंने यूपी के जल संसाधन से लेकर अन्य सुविधाओं की विस्तार से चर्चा की। कहा कि उत्तर प्रदेश की 56 प्रतिशत आबादी युवा है, जिससे उद्योगों को पर्याप्त और कुशल मानव संसाधन मिलता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ही जापानी निवेशकों के लिए जापान इंडस्ट्रियल सिटी विकसित की जा रही है, जिसके लिए 500 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है।

बड़े उद्यमियों से की निवेश प्रस्ताव पर गहन चर्चा

मुख्यमंत्री ने टोक्यो में जापान की अग्रणी वैश्विक ट्रेडिंग व निवेश कंपनी मित्सुई एंड कंपनी के मैनेजिंग आफिसर व चीफ आपरेटिंग आफिसर (इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बिजनेस यूनिट) काजुकी शिमिजु से मुलाकात कर यूपी में परिवर्तनकारी निवेश अवसरों पर विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने मित्सुई एंड कंपनी की शीर्ष प्रबंधन टीम के साथ बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा के तहत सोलर, बायो-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं के अलावा सूचना व संचार प्रौद्योगिकी के तहत आईटी पार्क, इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल सर्विसेज और स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश पर चर्चा हुई। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में चिप निर्माण और इलेक्ट्रानिक्स वैल्यू चेन के विस्तार तथा हाइपर-स्केल डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल कनेक्टिविटी हब जैसे क्षेत्रों में निवेश को लेकर भी चर्चा हुई।

हम सूर्यपुत्र हैं और हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए: सीएम

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ टोक्यो में आयोजित कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों से कहा कि पहले यूपी में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी। क्योंकि अंधेरे में काम करने वालों को उजाला रास नहीं आता। जब प्रवृत्ति डकैती की हो तो प्रदेश भी अंधेरे में रखा जाता है। हमने तय किया कि उत्तर प्रदेश को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त करना है, तो उसे उजाले में लाना होगा। हम सूर्यपुत्र हैं, हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए।

उन्होंने कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और निवेश के नए अवसरों की चर्चा करते हुए कहा कि आज यूपी दंगों या कर्फ्यू की खबरों से आगे बढ़कर दीपोत्सव, महाकुंभ और वैश्विक निवेश की पहचान बन चुका है। विश्व में जहां भी भारतीय मूल के लोग संकट में होते हैं, भारत उनके साथ खड़ा रहता है। हमें भी अपने देश व विश्व के कल्याण के लिए योगदान देना चाहिए।

सीएम ने ओडीओपी के विशेष उपहार भेंट किए

मुख्यमंत्री ने सिंगापुर व जापान दौरे में प्रमुख नेताओं, उद्यमियों, कंपनी प्रतिनिधियों व बच्चों को एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत तैयार कराई गई 500 से अधिक विशिष्ट कलाकृतियां भेंट कीं। सिंगापुर व जापान के लोगों के लिए और विशेष तौर पर बच्चों को भेंट करने के लिए स्पेशल डिजाइन के उपहार तैयार किए गए थे। 300 से ज्यादा बच्चों को सीएम योगी ने मंडला आर्ट से बनी कलाकृतियां दीं।